# मुंबई में 26/11 हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**मुंबई, 26 नवंबर. मुंबई में 26/11 हमलों में मारे गए और घायल हुए लोगों के सम्मान में बुधवार को राज्य-स्तरीय समारोहों का आयोजन किया गया. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दक्षिण मुंबई स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित किया. उनके साथ उप- मुख्यमंत्री अजीत पवार, राज्य मंत्री आशीष शेलार, पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला और मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती भी मौजूद थे.**

हमलों में मारे गए पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों ने भी समारोह में भाग लिया और स्मारक पट्टिका के सामने मौन श्रद्धांजलि अर्पित की. पुलिस दल ने भी शहीदों को सलामी दी. इस कार्यक्रम में हेमंत करकरे, अशोक कामटे और विजय सालस्कर सहित उन अधिकारियों के योगदान को याद किया गया, जो 26 नवंबर, 2008 को कामा और अल्बलेस अस्पताल के पास तीन कांस्टेबलों के साथ मारे गए थे. राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के 26 स्पेशल कमांडो समूह ने गेटवे ऑफ इंडिया पर ताज महल पैलेस होटल के सामने एक श्रद्धांजलि और शपथ समारोह आयोजित किया. नेवर एवर थीम वाले इस कार्यक्रम में जान गंवाने वालों को सम्मानित किया गया और घायल लोगों व पीड़ितों को भी याद किया गया. समारोह में एक मेमोरियल जोन बनाया गया, जिसमें मृतकों की तस्वीरें और नाम प्रदर्शित किए गए. साथ ही, फूलों से श्रद्धांजलि दी गयी और मोमबत्तियाँ भी जलाई गईं. इन मोमबत्तियों के मोम को भविष्य के समारोहों के लिए जीवंत स्मारक बनाने हेतु संरक्षित किया जाएगा.

**फ्रांस के राजदूत ने मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी** – भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की सत्रहवीं बरसी पर शहीदों और पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने की फ्रांस की प्रतिबद्धता को दोहराया. फ्रांसीसी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए एक बयान में कहा, मुंबई हमले 26/11, इन भयानक हमलों के 17 साल पूरे होने पर, फ्रांस पीड़ितों की यादों का सम्मान करता है.

### 26/11 के निशान आतंक के खिलाफ लड़ाई को दे रहे हैं दिशा



भारत के इतिहास के सबसे भयावह आतंकवादी हमलों में से एक 26/11 मुंबई हमलों को हुए सत्रह साल बीत गए. इतने दिनों बाद मुंबई आज भी उस भयानक रात को याद कर सहम जाता है जब 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मिलकर शहर को निशाना बनाया था चार दिनों तक चले इस आतंकी इस हमले में में 166 लोग मारे गये और 300 से अधिक घायल हुए. 26/11 हमलों के बाद भारत ने भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए अपनी सुरक्षा व्यवस्था में बड़े सुधार किए.

### सबसे भयावह आतंकवादी घटना थी 26/11 के मुंबई हमले

भारत के इतिहास में दर्ज सबसे भयावह आतंकवादी घटनाओं में से एक 26/11 मुंबई हमले को सत्रह साल पूरे हो गए. इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने 2008 के इस कायराना हमले में शहीद हुए लोगों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी.

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह** ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है - 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शहीद हुए सभी लोगों को मेरी श्रद्धांजलि. हम अपने पुलिस और सुरक्षा बलों के असाधारण साहस को नमन करते हैं जिन्होंने अटूट संकल्प के साथ आतंकवाद का सामना किया. उनका बलिदान हर प्रकार के आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई को और मज़बूत करता रहेगा.




**गृहमंत्री अमित शाह** ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है वर्ष 2008 में आज ही के दिन आतंकियों ने मुंबई पर कायराना हमला कर वीभत्स और अमानवीय कृत्य किया. मुंबई आतंकी हमलों का डटकर सामना करते हुए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन करता हूँ और इस कायराना हमले में अपनी जान गँवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ. आतंकवाद किसी एक देश के लिए नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति के लिए बहुत बड़ा अभिशाप है.



**राष्ट्र उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा-योगी** - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए इस हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की है. श्री योगी ने कहा है कि देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है, मुंबई में 26/11 के कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले में बलिदान हुए सभी निर्दोष नागरिकों और वीर सुरक्षाकर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि. उन्होंने कहा है कि राष्ट्र उनके बलिदान को कभी नहीं भूलेगा.



**उस काले दिन हमने अपने कई निर्दोष नागरिक खोए- केजरीवाल** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा- 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले को याद करते ही दिल आज भी भारी हो जाता है.



## कमला पसंद के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

**नयी दिल्ली.** कमला पसंद और राजश्री पान मसाला के मालिक कमल किशोर की बहू दीप्ति चौरसिया ने मंगलवार शाम को दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, उन्हें एक डायरी के साथ एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें महिला (40) ने अपने पति हरप्रीत चौरसिया के साथ लगातार वैवाहिक कलह का उल्लेख किया है। इस बीच जानकारी मिली है कि पीड़िता का परिवार आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए शिकायत दर्ज करवाने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मृतक ने 2010 में श्री चौरसिया से शादी की थी और उनका 14 साल का एक बेटा है।

## नाइजीरिया में अगवा हुयी सभी छात्राएं सकुशल रिहा

**अबुजा, 26 नवम्बर. नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने अगवा की गई 24 छात्राओं के सकुशल रिहा होने की पुष्टि की है। इन लड़कियों को संदिग्ध आतंकी गत 17 नवंबर को एक सरकारी स्कूल के छात्रावास से अपहरण करके ले गए थे।**

राष्ट्रपति टिनुबु ने देर रात जारी बयान में कहा, मुझे राहत है कि सभी 24 छात्राओं को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। सरकारी अधिकारियों ने भी बताया कि सभी लड़कियां स्वस्थ हैं और उन्हें जल्द ही उनके परिवारों से मिलवाया जायेगा।

अधिकारियों के अनुसार, इस स्कूल पर धावा बोलने वाले हमलावरों ने दो कर्मचारियों की हत्या कर दी थी और इन छात्राओं को साथ ले गए थे। छात्राओं की रिहाई कैसे हुई, इसका खुलासा नहीं किया गया है। राष्ट्रपति ने सुरक्षा बलों की तेज कार्रवाई की सराहना भी की। इस अपहरण के बाद पिछले सप्ताह देश के मध्य हिस्से में कई इसी तरह की घटनाएँ सामने आई थीं। इनमें एक चर्च से 38 श्रद्धालुओं का अपहरण और नाइजर देश के एक विद्यालय से 300 से अधिक विद्यार्थियों का अपहरण भी शामिल है।

## ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो को 27 साल की सजा

**ब्रासीलिया, 26 नवंबर. ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्ज़ैंडर डी मोसियस ने पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो और उनके छह करीबी सहयोगियों को तख्तापलट की कोशिश मामले में दोषी पाये जाने पर 27 साल की जेल की सजा काटने का आदेश दिया है।**

मंगलवार को प्रकाशित रिपोर्ट में न्यायमूर्ति मोराएस के हवाले से कहा गया मैं जेयर बोल्सोनारो की सजा तुरंत शुरू करने का आदेश देता हूं। यह सजा 27 साल और तीन महीने की होगी, जिसमें 24 साल और नौ महीने पूर्ण रूप से बंद जेल में तथा शेष दो साल और छह महीने अर्ध-हिरासत में काटने होंगे। रिपोर्ट के अनुसार, मुकदमा वर्चुअल तरीके से चला और न्यायमूर्ति मोराएस ने घोषणा की कि यह अब अंतिम रूप से पूरा हो चुका है, क्योंकि बोल्सोनारो के बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने सोमवार को निर्धारित अंतिम तारीख तक कोई नयी अपील दाखिल नहीं की थी। पूर्व राष्ट्रपति अपनी सजा राजधानी ब्रासीलिया स्थित फेडरल पुलिस मुख्यालय में काटेंगे, जहां वह पहले से ही मामले की सुनवाई के समय से ही हिरासत में हैं। बोल्सोनारो के कार्यकाल के दौरान उनके कई करीबी सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी भी इस मामले में दोषी ठहराए गए हैं।

## भारत ने राम मंदिर पर पाकिस्तान की टिप्पणी खारिज की


**नयी दिल्ली.** भारत ने अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वज स्थापना के बारे में पाकिस्तान की टिप्पणी को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि पाकिस्तान का अल्पसंख्यकों के साथ बुरे बर्ताव का रिकार्ड जग जाहिर है और ऐसे में उसे भारत को नैतिक उपदेश देने का अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा , हमने पाकिस्तान की टिप्पणी देखी है और हम उसे उसी अवमानना के साथ खारिज करते हैं जिसके वे हकदार हैं। एक ऐसे देश के तौर पर जिसका अपने अल्पसंख्यकों के दमन, कट्टरता और व्यवस्थित बुरे बर्ताव का दागदार रिकार्ड है.

## जूलॉजिकल पार्क को लगातार 6वां आईएसओ प्रमाणपत्र मिला

**हैदराबाद.** हैदराबाद के नेहरू चिड़िया घर ने लगातार छठे साल आईएसओ प्रमाणपत्र प्राप्त करके अपनी उत्कृष्टता में एक और उपलब्धि जोड़ी है। यह प्रमाणन वैश्विक गुणवत्ता मानकों के प्रति चिड़िया घर की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह प्रमाणपत्र मंगलवार को तेलंगाना सचिवालय में राज्य की वन, पर्यावरण एवं बंदोबस्ती मंत्री कोंडा सुरेखा ने चिड़िया की क्यूरेटर वसंता को औपचारिक रूप से सौंपा। मंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके समर्पण और निरंतर उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी।

## जनता है हमारी सबसे बड़ी ताकत : केजरीवाल

- वॉलंटियर्स की तपस्या से खड़ी हुई आम आदमी पार्टी
- राजनीति ईमानदारी से भी हो सकती है- केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस ने इस बार भी राजनीतिक माहौल में एक नई ऊर्जा और विचारधारा का संदेश दिया। इसकी शुरुआत एक आंदोलन से हुई थी, जहां जनता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी और बदलाव की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल ने इसी भावना को याद करते हुए अपने संदेश में कहा कि पार्टी की असली ताकत ना तो बड़े नेता हैं और ना ही बड़े पद—बल्कि वे अनगिनत वॉलंटियर्स हैं, जिन्होंने अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज और देश के लिए काम किया।

**नई दिल्ली, 26 नवंबर. आम आदमी पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक भावुक और प्रेरक संदेश साझा किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह दिन सिर्फ एक राजनीतिक दल की यात्रा का पड़ाव नहीं, बल्कि उन लाखों भारतीयों के सपनों और संघर्षों का प्रतीक है, जिन्होंने विश्वास किया कि राजनीति को बदला जा सकता है।**

केजरीवाल ने पार्टी के वॉलंटियर्स, समर्थकों, और उन आम नागरिकों को नमन किया जिन्होंने चौपालों से लेकर संसद तक ईमानदार राजनीति की लौ को जलाए रखा। उन्होंने कहा कि पार्टी की हर उपलब्धि जनता के भरोसे और कार्यकर्ताओं की तपस्या से संभव हुई है। अपने संदेश में केजरीवाल ने यह भी दोहराया कि किसी नेता की पार्टी नहीं, बल्कि हर उस नागरिक की पार्टी है जो बदलाव चाहता है।

उन्होंने वादा किया कि सच्चाई, ईमानदारी और सेवा का यह सफर आने वाले वर्षों में और भी मजबूती से आगे बढ़ेगा। स्थापना दिवस के मौके पर उनका यह संबोधन न सिर्फ प्रेरक था, बल्कि राजनीतिक परंपराओं से हटकर एक नए दृष्टिकोण की झलक भी देता है।

## राज्य में तीन दिनों तक छाया रहेगा कोहरा

**पटना.** राज्य में तापमान में कोई बड़ा बदलाव फिलहाल नहीं दिख रहा है और ठंड की स्थिति यथावत बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी तीन दिनों के दौरान राज्य के कई इलाकों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर तक का कोहरा छा सकता है। विशेष रूप से गंगा किनारे बसे क्षेत्रों में देर तक धुंध बने रहने के आसार जताये गये हैं, जिससे सुबह की दृश्यता प्रभावित हो सकती है। विभाग ने बताया है कि इस दौरान मौसम में किसी प्रकार के बड़े उतार- चढ़ाव की संभावना नहीं है। पूर्वानुमान के मुताबिक आगामी पांच दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी खास बदलाव की उम्मीद नहीं है।

## नीतीश ने किया दो परियोजनाओं का निरीक्षण

- नापुर-बिहटा कॉरिडोर व गंगा पुल कार्य प्रगति पर

**पटना, 26 नवंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दानापुर-बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर तथा शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।**

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने दानापुर - बिहटा ऐलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।



श्री कुमार ने निरीक्षण के दौरान कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से बिहटा से कोईलवर तक यातायात सुगम होगा । पटना शहर को एन.एच-922 और कोईलवर पुल से जोड़ने में मदद मिलेगी । यह एन.एच - 922 को रिंग रोड ( कन्हौली मोड़) एन0एच0 - 139 को एम्स गोलम्बर से जोड़नेवाले एक महत्त्वपूर्ण फीडर कॉरिडोर के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना के तहत बिहटा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के लिये विशेष कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह लगातार इस परियोजना का निरीक्षण करते रहे हैं और समय-समय पर इसके संबंध में सुझाव देते रहे हैं।

श्री कुमार ने इसके बाद शेरपुर - दिघवारा गंगा पुल के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण के लिये राज्य सरकार द्वारा सभी चीजें उपलब्ध करायी गयी हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने शेरपुर - दिघवारा गंगा पुल के उस जगह का भी निरीक्षण किया जहां पर जे.पी0 गंगा पथ की कनेक्टिविटी शेरपुर - दिघवारा गंगा पुल से होगी।

### एक नजर में

#### इजरायल के प्रधानमंत्री आ सकते हैं भारत के दौरे पर

**तेल अवीव/नयी दिल्ली, 26 नवंबर.** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जल्द भारत के दौरे आ सकते हैं। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि उनके (श्री नेतन्याहू) भारत दौरे के लिए नयी तारीख तय करने को लेकर भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत की जा रही है। गौरतलब है कि दिल्ली में लाल किले के पास हुए आत्मघाती कार विस्फोट के बाद श्री नेतन्याहू दौरा टाल दिया गया था। दौरे के टलने के बावजूद श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा था कि भारत के साथ इजरायल का रिश्ता मजबूत है। श्री नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री (श्री नेतन्याहू) को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा पर 'पूरा भरोसा' है। सोशल मीडिया एक्स पर इजरायली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने कहा, भारत के साथ इज़रायल का रिश्ता और प्रधानमंत्री नेतन्याहू और भारतीय प्रधानमंत्री के बीच रिश्ता बहुत मज़बूत है। श्री नेतन्याहू को श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा पर पूरा भरोसा है, और टीमें पहले से ही दौरे की नयी तारीख तय कर रही हैं।



#### पिता पुत्री की हत्या : पांच लोगों को आजीवन कारावास

**कौशांबी 26 नवंबर.** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले की एक अदालत ने पिता-पुत्री की हत्या के मामले में बुधवार को पांच अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास की सजा के साथ प्रत्येक पर 50000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार वादी श्याम सिंह ने 25 अप्रैल 2016 को सैनी थाना में सूचना दर्ज करायी कि जमीनी विवाद को लेकर उसके पिता बद्रीप्रसाद एवं बहन सुधा यादव की हत्य कर अपराध छिपाने के लिए दोनों के शव बोरवेल में डाल दिए गए। पुलिस ने इस मामले में मिथिलेश कुमार निवासी नूरपुर पारास थाना सैनी, सुन्ती उर्फ किरन निवासिनी नूरपुर पारास, दीवान सिंह निवासी सोनारन का पुरवा, किरन यादव निवासी धुरी थानाखागा फतेहपुर, रामू मौर्य निवासी हसनपुर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। न्यायाधीश शीरीन जैदी ने आज सुनवाई के बाद आरोपी सभी पांचों अभियुक्तों को पिता पुत्री की हत्या का दोषी पाया और उन्हें आजीवन कठोर कारावास की सजा के साथ 50-50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

#### युक्रेन की सुरक्षा गारंटी के लिए वर्कशॉप लॉन्च करेंगे : मक्रों

**पैरिस, 26 नवंबर.** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मक्रों ने कहा है कि फ्रांस और ब्रिटेन अमेरिका के साथ मिलकर यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी के लिए एक वर्कशॉप लॉन्च करेंगे। मक्रों ने यह टिप्पणी इच्छुक गठबंधन के लगभग 30 देशों के एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद की। इसमें यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेस्की और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह तय किया जाएगा कि युद्ध विराम हो जाने पर कौन से पक्ष गारंटी देने के लिए तैयार हैं।

## चीन की हरकत से दोनों देशों के संबंध बिगड़ेंगे

**नयी दिल्ली 26 नवम्बर. भारत ने अरूणाचल प्रदेश की रहने वाली एक भारतीय महिला के साथ शंघाई हवाई अड्डे पर वीजा और पासपोर्ट को लेकर की गयी हरकत पर सख्त रूख अपनाते हुए कहा है कि इस तरह की हरकतें दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और समझ बनाने तथा संबंधों को सामान्य बनाने में मददगार नहीं होगी।**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अरूणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और इस तरह की हरकतों से हकीकत नहीं बदल सकती। उन्होंने कहा कि भारत पहले भी कई बार यह स्पष्ट कर चुका है कि भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखाना जरूरी शर्त है। प्रवक्ता ने कहा , अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली भारतीय नागरिक के साथ चीन की मनमानी हरकतें दोनों पक्षों द्वारा परस्पर विश्वास और समझ बनाने तथा संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने की कोशिशों में मददगार नहीं हैं। सीमावर्ती क्षेत्रो में शांति बनाए रखना भारत-चीन के आपसी रिश्तों के लगातार और स्थायी बने रहने के लिए एक ज़रूरी शर्त है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में पिछले वर्ष अक्टूबर से निरंतर कार्य किया है जिससे इन क्षेत्रों में स्थिति अच्छी हुई है लेकिन इस तरह की हरकतें इन्हें आगे बढाने में मददगार नहीं होंगी। प्रवक्ता ने कहा कि इस घटना के बाद भारत ने यहां स्थित चीनी दूतावास और बीजिंग में चीन सरकार के समक्ष इस मुद्दे को सख्ती से उठाया है। उल्लेखनीय है कि चीन के आव्रजन अधिकारियों ने अरूणाचल प्रदेश की एक महिला को शंघाई के रास्ते जापान जाने के दौरान हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया था और उसके भारतीय पासपोर्ट को लेकर सवाल उठाए थे।



### आज का इतिहास

1001 -गजनी के सुल्तान महमूद के साथ हुई लड़ाई में जयपाल की हार।

1795 - एक बांग्ला नाटक का कलकत्ता के एजरा स्ट्रीट में स्टेज पर पहली बार सार्वजनिक मंचन किया गया।

1881- प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जायसवाल का जन्म हुआ था।

1940 - ब्रूस ली का जन्म। सान फ्रांसिस्को में जन्मे और हॉन्गकॉन्ग में पले बढ़े ब्रूस को मार्शल आर्ट में महारत हासिल थी और उन्होंने 70 के दशक में मार्शल आर्ट पर आधारित बहुत सी फिल्मों में काम किया और इस कला का दुनियाभर में प्रसार किया।

## मतदाता सूचियों के प्रकाशन की समय सीमा बढ़ा सकती है सुको

**नयी दिल्ली,. उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को संकेत दिया कि यदि परिस्थितियाँ आवश्यक हुईं, तो वह पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) के तहत मतदाता सूचियों के मसौदे के प्रकाशन की समय सीमा को ब?ा सकता है।**

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कई राज्यों में चल रहे एसआईआर की वैधता और समय को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश ने मौखिक रूप से कहा, तो क्या हुआ? अगर आप कोई मामला बनाते हैं, तो हम उन्हें तारीख बढ़ाने का निर्देश दे सकते हैं... क्या वह तारीख अदालत के लिए यह कहने का आधार बन सकती है कि हमारे पास कोई शक्ति नहीं है? अदालत हमेशा कह सकता है। पीठ ने निर्वाचन आयोग को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से संबंधित याचिकाओं में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।



### संसद में संगोष्ठी: भारत का संविधान हर देशवासी को समान अवसर देता है : अमित शाह

# भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का मार्गदर्शन करता है संविधान

**नयी दिल्ली/लखनऊ, 26 नवंबर. संविधान दिवस पर देशभर में लोकतांत्रिक मूल्यों को फिर से याद करने और उनके प्रति समर्पण की भावना जगाने की अपील गूंज उठी। गृहमंत्री अमित शाह, उपराष्ट्रपति राधाकृष्णनन, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल,**

अलग-अलग संदेशों के माध्यम से नागरिकों को याद दिलाया कि भारत का संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, पहचान और भविष्य की दिशा तय करने वाला पथदर्शक है।

रिजिजू ने सोशल मीडिया पर संविधान निर्माताओं की दूरदृष्टि को नमन करते हुए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को भारतीय लोकतंत्र का आधार बताया। वहीं योगी आदित्यनाथ ने संविधान को राष्ट्र की एकता और अखंडता का आधार बताते हुए कहा कि न्याय, समता और बंधुता हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णनन ने एक्स पर लिखा- संविधान, एक जीवंत दस्तावेज़, भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का मार्गदर्शन करता रहता है। संवैधानिक मूल्यों से प्रेरित, एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राष्ट्र की निरंतर प्रगति पर प्रकाश डाला और बताया कि 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है.



गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा- 'संविधान दिवस' पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी, डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी सहित संविधान सभा के सभी महान सदस्यों को नमन और देशवासियों को इस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का संविधान हर देशवासी सजग बनाने का कार्य किया है।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने संविधान को पाश्चात्य मूल्यों को आधारित बताया था और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का पुतला फूँका था। श्री खरगे ने आज यहां संविधान दिवस के मौक़े पर देशवासियों को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे जीवंत और सफल संविधान है और इसके मार्गदर्शन में देश ने सुशासन, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में परिवर्तनकारी यात्रा तय की है। बिरला ने संविधान दिवस पर यहां संसद भवन परिसर में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की करते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है.

